बनालो मुझको सेवादार | by Jeevan Das Pagal

हे खाटू के श्याम बिहारी अब सुनलो मेरी पुकार है
मैं तेरे नाम का पागल बाबा मेरा बाबा लखदातार है
जबसे तेरी चौखट आया मिलती गई बहार मुझे
मैं तेरे नाम का हूँ दीवाना अब तो दिखला दीदार मुझे

बना लो मुझको सेवादार
जाऊं कहाँ तेरे दर से बाबा तुझसे हो गया प्यार
बना लो मुझको सेवादार …………

सेवादारी मैं करूँ श्याम की
जपता माला तेरे नाम की
सेवादारी मैं करता रहूं सांवरे
तुझे भजनो से मैं तो रिझाता रहूं
तेरी कृपा से मिलती है रोटी मुझे
तेरे दर पे मैं सर को झुकाता रहूं
तू बुलाता रहे और मैं आता रहूं
तेरी चौखट का दीदार पाता रहूं
सेवादारी मैं करूँ श्याम की
जपता माला तेरे नाम की
मोरछड़ी का झाड़ा देकर तारो पालनहार
बना लो मुझको सेवादार …………

तेरे बिन मेरी कौन सुनेगा
संकट मेरे कौन हरेगा
झूठी दुनिया ने इतना सताया मुझे
मैंने आकर के दुखड़ा सुनाया तुझे
तूने सुनकर के हाय क्या ग़ज़ब कर दिया
सूनी बगिया में मेरी तो रंग भर दिया
अब ना चिंता ना भय है फिकर सांवरे
तूने सेवा में रखा है ओ सांवरे
तेरे बिन मेरी कौन सुनेगा
संकट मेरे कौन हरेगा
देख लिए मैंने रिश्ते नाते देख लिया संसार
बना लो मुझको सेवादार …………

जब जब मैं खाटू नहीं आता
मुझको इतना दर्द सताता
अपनी पायल का घुँघरू बना लो मुझे
जहाँ जाओगे बाबा वहीँ जाऊँगा
तेरे तन से हमेशा मैं लिपटा रहूं
तेरे पैरों की धूलि में रम जाऊँगा
तेरे चरणों में रहकर मेरे सांवरे
ये जीवन तेरे नाम कर जाऊँगा
तेरे बिन अब रहा ना जाता
बाबा क्यों नहीं गले लगाता
जीवन दास तेरा पागल जिसे
मिल गया सच्चा द्वार

बना लो मुझको सेवादार ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-jeevan-das-pagal/